तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 जनवरी 2024

11 रावण हमारा मन है, इसे मारना जरूरी, तभी रामराज्य जीवन ...



12 हारी हुई विधानसभा में भाजपा बनाएगी ...





## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया कैलेण्डर का विमोचन



**बालोद।** अनियमित कर्मचारी महासंघ के वार्षिक कैलेंडर का कलेक्टर ने विमोचन किया। छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष अपनी टीम के पदाधिकारियों के साथ कलेक्टर बालोद से मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी एवं वार्षिक कैलेंडर का विमोचन करवाया। जिले के अनियमित कर्मचारियों की समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया गया। पूर्व में समय-सीमा में होने वाली बैठक में अनियमित कर्मचारियों की वेतन की समीक्षा होती थी। उसको निरंतर हर महीने करने का आश्वासन दिया गया। छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रदेश सचिव एवं जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र साहू, संतोष कुमार, गैंदलाल, गुणवती सिरसाम एवं रंतिका मेश्राम रहे।

### रिटायर्ड कृषि अधिकारी ने फांसी लगाकर दी जान

**डौंडी।** ग्राम भरीटोला निवासी सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि अधिकारी दौलत राम राणा ने शनिवार की रात अपने घर के दुकान वाले कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। रविवार की सुबह उनके घर, दुकान का दरवाजा देर तक नहीं खुलने पर आसपास के लोगों ने आरी ब्लेड से खिड़की की राड को काटकर देखा तो पाया कि उनका शव पंखा के सहारे फांसी पर लटक रहा है। उनके परिजनों के बाहर होने के कारण सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद भरीटोला में अंतिम संस्कार किया गया

### सशिमं का आज वार्षिक उत्सव

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन ग्राम ठेकवाडीह में आज मंगलवार को रखा गया है। प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने बताया कि वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम शाम 4 बजे से किया जाएगा। जिसमें विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी जावेगी।

### आज सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह

**गुरूर।** खंड स्तरीय सेवा निवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरुर के क्रीड़ागन (कोलिहामार) में आज दोपहर 2 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर तिलक राम साहू होंगे। अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मुकुल केपी. साव करेंगे। विशेष अतिथिगण प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय माहुद कमल राम साहू, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ललित कुमार चंद्राकर रहेंगे। सेवा निवृत शिक्षक जय प्रकाश राजपूत, सुशीला कुर्रे, लिखन राम साहू, भोजराम साहू, रूप राम गंजीर, सुरजू राम भुआर्य, चंपा लाल सोरी, छगन लाल वारदे, उत्तम कुमार पटेल, देवनाथ देवांगन, हुमेंद्र कुमार चंद्राकर, प्रेमलाल साहू, तारादेवी पटेल, पवन कुमार खापर्डे, महेंद्र कुमार सोनवानी, इतवारी राम सोनबोईरा, चित्रंगद प्रसाद चंद्राकर, वाजित राम कटेंद्र, राम प्रसाद लाड़ेकर, हिरामन लाल साहू, वेदप्रकाश भेंसले का सम्मान किया जाएगा। सम्मान समारोह में उन शिक्षक परिवारों का भी सम्मान किया जाएगा जिनका निधन हो गया है। यह कार्यक्रम सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान आयोजन समिति एवं शिक्षक वृंद विकास खण्ड गुरुर के तत्वधान में आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष तुलसी राम साहू, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार चौधरी, सचिव हरीश कुमार साहू, सहसचिव कृष्ण कुमार साहू के साथ सदस्यों का सहयोग है।

# जिला अधिवक्ता संघ के अजय बने अध्यक्ष, विजय चुने गए उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

## भगवती ने नीतू को 81 मतों से हराकर बनीं सचिव





■ 195 मतदाताओं में से 182 ने किया मतदान

जिला अधिवक्ता संघ बालोद का चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर अजय साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी टीएल सोनवानी को 16 मतों के अंतर से हराया, छगन लाल डरसेना तीसरे स्थान पर रहे। विजय यदु उपाध्यक्ष चुने गए, उन्होंने जागेंद्र भारद्वाज को 86 मतो के अंतर से हराया। भगवती साहू 129 मत पाकर सचिव बनी। भगवती ने नीतू सोनवानी को 81 मतों के अंतर से हराया। संपन्न हुए चुनाव में कुल 195 मतदाता थे जिसमे 182 मतदाता ने मतदान किया। जिसमे चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियो को मिले मत की बात करे तो अध्यक्ष पद के लिए अजय साहू को 89 मत, टीएल सोनवानी को 73 मत तथा छगन लाल डरसेंना को 20 मत मिले, प्राप्त हुआ।

उपाध्यक्ष पद के लिए विजय यदु को 133 मत व जागेंद्र भारद्वाज को 47 मत प्राप्त हुआ। सचिव पद के लिए भगवती साहू को 129 मत व नीतू सोनवानी को 48 मत प्राप्त हुआ।

### ये चुने गए निर्विरोध

निर्विरोध रूप से विजयी हुए प्रत्याशियों में महिला उपाध्यक्ष शारदा पटेल, कोषाध्यक्ष गोपी साहू, सह सचिव तोमन लाल साहू, ग्रंथपाल छन्नू लाल साहू, सांस्कृतिक सचिव उमेश जैन चुने गए हैं। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप मे पुनितराम देशमुख, रोहित साहू, नर्मदा निशाद, दीपक सामतकर, भेष कुमार साहू, गंगाधर सोनबरसा होंगे।

## योजना के लिए 62.45 करोड़ हुआ था स्वीकृत, मिले केवल 20 करोड़ 42 लाख

# जिले में दम तोड़ रही है मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, जिम्मेदार कौन!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जिले के 978 स्कूल भवनों में होना था मरम्मत कार्य, कई स्कूलों में अब तक शुरू नहीं हुआ कार्य

जिले में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना दम तोड़ते नजर आ रही है। वहीं इस योजना के तहत स्कूल भवनों के मरम्मत, जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्ष निर्माण कराने जिन विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उन विभाग के जिम्मेदारों की गैर जिम्मेदारीपूर्ण रवैया से स्कूलों के मरम्मत कार्य में काफी लापरवाही बरती जा रही है।

स्कूलों के मरम्मत, जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्ष निर्माणकार्य में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जो जांच का विषय बना हुआ है। दरअसल बीते वर्ष तात्कालिक कांग्रेस शासन द्वारा स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों का मरम्मत, जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्ष बनाने आदेश जारी किया गया था। इसके लिए 62 करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत हुई थी। इन स्वीकृत राशि से जिले के 978 स्कूल भवनों में कार्य होना था। कई स्कूलों में कार्य पूर्ण हो चुका है तो वहीं कई स्कूलों में कार्य जारी है, जबकि कई स्कूल ऐसे हैं जहां कार्य शुरू तक नहीं किया गया है। जबकि विभागीय जानकारी के अनुसार आने वाले 31 मार्च तक जिले के इन 978 स्कूल भवनों की मरम्मत, जीर्णोद्धार और अतिरिक्त कक्ष का निर्माणकार्य पूरा करने का दिशानिर्देश उच्च कार्यालय से प्राप्त हुआ है।

### जिम्मेदार स्पष्ट जानकारी देने से लगातार बच रहे



### 20 करोड़ पास, राशि के अभाव में काम बंद

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 62 करोड़ 45 लाख रुपये स्वीकृत हुआ है, लेकिन 20 करोड़ 42 लाख रुपए ही आया है, जबकि बाकी की राशि अप्राप्त है। आरईएस विभाग के कार्यपालन अभियंता आर के खोबरागड़े ने बताया कि राशि ही नहीं मिला है तो ठेकेदार कैसे काम करेंगे, कई स्कूलों का कार्य पूर्ण हो चुका है और कई स्कूलों का काम बंद है। जिसका मुख्य कारण राशि अप्राप्त होना है। वहीं इस सम्बंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी से भी संपर्क किया गया, लेकिन मीटिंग में होने के कारण उनसे बात नहीं हो पाई।

### मरम्मत कार्य में लापरवाही जिम्मेदार मौन

स्कूल भवनों के मरम्मत और जीर्णोद्धार सहित अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी, आरईएस विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले के कई स्कूलों की मरम्मत कार्य पर लापरवाही बरती गई है। वहीं जिम्मेदार विभाग स्कूलों में हुए मरम्मत कार्य की बारीकी से जांच करने के बजाए मौन हैं।

### रिकॉर्ड में 577 स्कूल का कार्य पूर्ण, जानकारी देने से बच रहे जिम्मेदार

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विभाग के रिकॉर्ड पोर्टल में अब तक 577 स्कूल भवनों का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि पीडब्ल्यूडी विभाग 378 स्कूलों का और आरईएस विभाग करीब 350 स्कूलों का कार्य पूर्ण होने की बात कह रहे हैं। ऐसे में स्कूलों के मरम्मत कार्य पूर्ण होने की बात पर दोनों ही विभाग द्वारा बताए गए आंकड़ों पर कई तरह के सवालियां निशान खड़े होता है।

# नाबालिग का अपहरण अनाचार, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



डांस क्लास जाने के नाम पर घर से निकली नाबालिग के अपहरण, अनाचार के मामले में पुलिस ने एक 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। वहीं नाबालिग को उसके परिजनों के हवाले किया गया है।

नगर के वार्ड नंबर 15 निवासी एक दंपत्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री डांस क्लास जाने के लिए 6 जनवरी को दोपहर 3 बजे घर से निकली थी। इसके बाद से ही उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा है। प्रार्थी अपने रिश्तेदारों के घर भी पता कर चुका है। पुलिस ने गुम इंसान का मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया। इसी दौरान पता चला कि नाबालिग को वार्ड में ही रहने वाले आरोपी विद्यासागर नामक युवक के साथ देखा गया था। इस पर पुलिस ने आरोपी के घर दबिश दी तो वहां नाबालिग सकुशल बरामद हो गई। पूछताछ में नाबालिग ने बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने तथा शारीरिक संबंध बनाने की बात बताई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक विद्यासागर पिता केवल राम साहू 20 वर्ष के खिलाफ धारा 363, 366ए, 376 भादवि पाक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत कार्यवाही कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## दो बाइक सवार आपस में टकराए, एक की मौत



**अंडा।** थाना अंडा क्षेत्र के अंतर्गत शा.उच्च. माध्यमिक विद्यालय अंडा के पास दो बाईक सवार आपस में टकरा गए। हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेजकर मामला जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नोहरलाल साहू पिता रूपराम साहू 36 वर्ष निासी ग्राम डौकीडीह थाना गुण्डरदेही जिला बालोद कल शाम 4 बजे अपनी मोटर साइकिल डिस्कवर-CG-24F-5579 से अंडा आ रहा था। इसी दौरान चिंगरी निवासी देशमुख गाड़ी क्रमांक CG-07 BB-3244 से मड़ई घूमने जा रहा था। स्कूल के पास दोनों वाहन चालक आपस में टकरा गए। हादसे में घायल देशमुख को जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती किया गया हैं।

# रामायण पाठ में विधायक संगीता हुईं शामिल



**गुरूर।** विधायक संगीता सिन्हा प्रभु श्रीराम के दरबार ग्राम बोरिदकला पहुंची। जहां रामायण का आयोजन किया गया। रामायण मंच में पहुंचकर संगीता सिन्हा ग्राम बोरिदकला की जनता का आभार माना कि उन्हें इस पावन धर्म आयोजन में आमंत्रित किया गया, साथ ही क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए भगवान श्री राम से प्रार्थना भी की। संगीता सिन्हा के साथ में ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, दुर्गुराम सिन्हा, भगवान दास, रमेश सिन्हा व टोमन साहू समस्त बूथ के अध्यक्ष, कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जपं शिक्षा स्थाई समिति की बैठक में कई आवेदन स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जनपद पंचायत शिक्षा स्थाई समिति की बैठक जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन में 25 आवेदन प्राप्त हुए, सभी पात्र होने से स्वीकृत किया गया।इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन में 10 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें 10 स्वीकृत किया गया है, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 3 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें सभी पात्र होने से स्वीकृत किया गया। सुखद सहारा पेंशन में 5 आवेदन प्राप्त हुए है ▶▶| शेष पेज 10 पर

# देवलाल ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात, क्षेत्र के विकास सहित कई मुद्दों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर डौंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र के समुचित विकास हेतु चर्चा की है।

श्री ठाकुर ने मुख्यमंत्री साय को अवगत कराया कि डौंडी विकासखंड के लगभग 19 बांध अपूर्ण पड़े हैं। पूर्व की कांग्रेस की सरकार व स्थानीय मंत्री के द्वारा उस पर किसी भी प्रकार से ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि अगर इन अपूर्ण बांधों को पूर्ण कराया जाए तो आदिवासी विकासखण्ड डौंडी के आदिवासी किसान भाइयों के खेतों में पानी पहुंच सकेगा। जिससे उन किसानो को अल्पवर्षा, सुखा जैसी स्थिति से निजात मिल सकता है। इसके अलावा उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार द्वारा की गई भ्रष्टाचार की जांच कराने ▶▶| शेष पेज 10 पर

## 111 साल पुराने तांदुला जलाशय को नया स्वरुप देकर बढ़ाया जिले का राजस्व

# कलेक्टर कुलदीप शर्मा को याद कर भावुक हो रहे जिलेवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले की पहचान तांदुला जलाशय को नया जीवन देने, उससे स्थाई राजस्व बढ़ाने, रोजगार को बढ़ाने के अवसर तैयार करने, जिले को भ्रष्टाचार मुक्त करने की पहल करने व शासन का करोड़ों रूपये बचाने की स्थाई व्यवस्था करने के लिए तात्कालिक कलेक्टर कुलदीप शर्मा जिले में वर्षों तक याद किए जाएंगे। कुलदीप शर्मा की पहल पर 111 साल पुरानी तांदुला जलाशय में पर्यटक अब मिनी गोवा की तरह महसूस कर सकेंगे।

डीएमएफ फंड से तांदुला जलाशय में रिसार्ट का निर्माण किया गया है, पहले जहां खरपतवार व खनिज माफिया की नजर लग गई थी, वहां अब सुंदर रिसार्ट बन गए है, जहां प्राकृतिक सौदर्य व तांदुला जलाशय की सुंदरता को पर्यटक निहार सकेंगे। वही रोमांच ▶▶| शेष पेज 10 पर

### तांदुला को दिया नया जीवन : राकेश यादव

भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने कहा धान खरीदी में शासन को करोड़ों रूपये की बचत हुई है, वहीं समितियों में शून्य शार्टेज से भी करोड़ों रूपये बचा है। राकेश यादव ने कहा जिले की पहचान तांदुला जलाशय को नया जीवन देने व उसे दीर्घकालिक उपयोग के लिए किए गए कार्य से जिले में रोजगार के सैकड़ो अवसर उत्पन्न करने के लिए तात्कालिक कलेक्टर कुलदीप शर्मा वर्षों याद किए जाऐंगे।







### भ्रष्टाचार मुक्ति के लिए उठाए कड़े कदम : वीरेन्द्र साहू

पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू ने कहा तात्कालिक कलेक्टर कुलदीप शर्मा का कार्यकाल भ्रष्टाचार मुक्ति के लिए किए गए कार्यो के लिए याद किया जाएगा। उनके कार्यकाल में पहली बार धान खरीदी मे सीधे रूप से 30 करोड़ से अधिक की बचत हुई है। वही उनके कार्यकाल मे सभी फाईले ऑनलाईन थी। ऐसा प्रदेश के चुनिंदा जिलो में ही हो सका है, सभी फाईले ऑनलाईन होने कारण फाईलों के समय पर होने के साथ उसमे हेराफेरी की संभावना शून्य रह जाती है।

### रोजगार के अवसर बढ़ेंगे : सौरभ लुनिया

भाजपा नेता गुण्डरदेही विधानसभा सह प्रभारी सौरभ लुनिया ने कहा तात्कालिक कलेक्टर कुलदीप शर्मा का कार्यकाल जिले का स्वर्णिम कार्यकाल है। उनके कार्यकाल मे जिले को तांदुला रिसोर्ट, पर्यावरण पार्क जैसे स्थाई आय का माध्यम मिला है। वही उनके कार्यकाल मे समाधान तुहर द्वार की थीम पर घर-घर केन्द्र सरकार की योजना को पहुंचाने का कार्य बहुत पहले ही किया गया है। जिससे हितग्राही लाभांवित भी हुए है, तांदुला रिसोर्ट से जिले में रोजगार के अवसर बढ़ेगे एवं बाहर से आने वाले पर्यटको की संख्या में वृद्धि होगी।

### रिसार्ट के लिए 2.50 करोड़ हुआ खर्च

तांदुला जलाशय में रिसार्ट के लिए प्रशासन ने लगभग 2.50 करोड़ रूपये खर्च किए है, इससे शासन को प्रथम वर्ष 16 लाख रूपये राजस्व मिलेगा। जिसमें प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की दर से राजस्व की वृद्धि होगी। इसके नियम शर्ते भी ऐसी बनाई गई है कि जिला प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नही होगी। रखरखाव, सुरक्षा सहित समस्त जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी। इससे प्रशासन पूरी तरह सभी दायित्वों से मुक्त है एवं यह दीर्घकाल तक शासन को स्थाई राजस्व देने वाला बन गया है।

**धान अब सीधे मिलरों को सालाना 30 करोड़ की बचत :** जिले में धान खरीदी में सूखा व अन्य प्राकृतिक आपदाओं में धान के नुकसान तथा दोहरे परिवहन के कारण प्रतिवर्ष 30 करोड़ से अधिक का नुकसान होता था। तात्कालिक कलेक्टर कुलदीप शर्मा की दूरदर्शिता एवं कड़े नियंत्रण से यह नुकसान शून्य हो गया है, जिले के चारों धान संग्रहण केन्द्र बीते दो साल से खाली पड़े है। धान खरीदी केन्द्र से धान सीधे मिलर को जा ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जिले में 4.94 लाख मी. टन से अधिक खरीदा गया धान

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 1 लाख 49 हजार 171 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 1 लाख 10 हजार 449 किसानों द्वारा कुल 4 लाख 94 हजार 183 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 1082 करोड़ 36 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 4 लाख 31 हजार 509 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है। जिसमें से 03 लाख 328 मैट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 93 हजार 855 मैट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5303 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 21 हजार 371 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

# चुनाव के बाद से महतारी वंदन की राह ताक रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महतारी वंदन योजना जैसे ब्रह्मास्त्र का उपयोग कर राज्य की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार ने अब तक इस चुनावी वादे को पूरा नहीं किया है। हालत यह है कि, वार्डो में महतारी वंदन के फॉर्म भराने के बाद भाजपा के पार्षद भंवर में फंस गए हैं। राशि देने में देरी होने से नाराज महिलाएं पावती लेकर पार्षदों से तकादा कर रही हैं। ऐसे में भाजपा पार्षद महिलाओं को आश्वासन देने के सिवा कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

हालांकि शनिवार को कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री ने मंच से कहा है कि, इस योजना को लेकर सरकार आगे कदम बढ़ा रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि जल्दी महिलाओं को प्रतिवर्ष 12000 की राशि मिलने लगेगी।

विधानसभा चुनाव में भाजपा ने महिलाओं के लिए सबसे बड़ा चुनावी वादा महतारी वंदन योजन के तहत महिलाओं को 12 हजार रुपए सालाना देने का किया था। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि, भाजपा की सरकार बनने के बाद मंत्रालय में अमली जामा पहनाने का काम जोरों पर चल रहा है।

सूत्रों के अनुसार साय सरकार ने अधिकारियों को जनवरी के आखिरी सप्ताह तक इस योजना को हर हाल में लागू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोकसभा चुनाव के पहले महिलाओं से किए वादे पूरा कर सकें।

## बजट में प्रावधान होने के बाद भी अब तक सरकारी पहल नहीं, पार्षदों को सुना रहीं खरी-खोटी

### बजट में 1200 करोड़ रुपए का प्रावधान

बताया जाता है कि, साय सरकार के निर्देश के बाद मुख्य सचिव ने महिला एवं बाल विकास विभाग को डाटा कलेक्शन के साथ गाइड लाइन बनाने को कहा। सूत्र बताते हैं कि, मप्र में लागू मुख्यमंत्री लाडली योजना तरह ही यहां भी महतारी वंदन योजना की पात्रता रखी जा सकती है। साय सरकार ने पहली विधानसभा में पेश किए गए अनुपूरक बजट में महतारी वंदन योजना के करीब 1200 करोड़ पारित किया है। ताकि इसी वित्तीय वर्ष के बजट में महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदेश की महिलाओं को दे सकें।

### चुनाव के पहले भराए थे 56 हजार फॉर्म

विधानसभा चुनाव के पहले दुर्ग शहर विधानसभा के लिए एक लाख फॉर्म बांटे गए थे, लेकिन अचानक आचार संहिता लगने के बाद सिर्फ 56 हजार फॉर्म जमा हो पाए। हालाकी जानकारी अनुसार विधानसभा चुनाव के बाद भी पार्षदों द्वारा शेष बचे फॉर्म को भराया गया था। फॉर्म भरने के साथ ही महिलाओं को डॉट-दूर रिसिप्ट भी बांटा गया था। लेकिन सरकार बनने के बाद राशि मिलने में देरी से महिलाएं अब कराहने लगी है। यही कारण है कि भाजपा पार्षदों को तू तो मैं मैं की स्थिति से गुजरना पड़ रहा है।

### पात्रता भी नहीं की गई लागू

योजनाओं को लेकर लोगों के बीच यह चर्चा है कि, कहीं सरकार इस योजना में क्राइटेरिया लागू न कर दे, जिसके चलते कई लोगों को योजना से वंचित होना पड़ सकता है। इसमें योजना का लाभ लेने के लिए छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी होना स्वाभाविक पात्रता होगी। वहीं इस योजना में विवाहित महिलाएं ही आवेदन कर पाएंगी। जबकि आयु, वार्षिक आय जैसे मापदंड तय नहीं किए गए हैं। सबसे बड़ी चर्चा इन दोनों संपन्न व नौकरीपेशा के बीच है। सरकारी कर्मचारियों को इस बात का डर है कि कहीं उन्हें इस योजना से वंचित न कर दिया जाए।

## खबर संक्षेप

### नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा कल से

**बालोद/सिकोसा।** आदर्श ग्राम सिकोसा में नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 10 से 18 जनवरी तक होगा। कथा वाचक पंडित अनिल उपाध्याय चिचा भिलाई है, ओंकर प्रसाद के द्वारा श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया हैं। कथा वाचक पंडित अनिल उपाध्याय ने बताया कि 10 जनवरी को कलश यात्र, वेदीपूजन भागवत महात्म्य होगा, 11 जनवरी को परीक्षित जन्म का कथा होगा। 12 जनवरी को वामन अवतार का कथा होगा। 13 जनवरी को भरत चरित्र अजामिल, श्री कृष्ण लीला, गिरीराज पूजन का कथा होगा। 14 को रूखमणी विवाह होगा। 15 जनवरी बाल लीला, रुक्मणी विवाह होगा। 16 जनवरी को सुदामा चरित होगा। 17 जनवरी को परीक्षित मोक्ष होगा। 18 जनवरी को गीता सार, पूर्ण आहूति कपिला तर्पण होगा।

### शिविरों में पंचायत प्रतिनिधियों को बुलाना अनिवार्य

**गुरूर।** केन्द्र सरकार की विकसित भारत योजना के तहत ग्रामों में लगाए जा रहे शिविरों में निर्वाचित स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित न किए जाने के संबध मे खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन जागा और अब प्रचायतों को आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि शासन की महत्वकांक्षी योजना विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत क्षेत्र मे संचालित की जा रही है। उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के तिथि एवं समय की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र के जिला व जनपद पंचायत के सदस्यों को प्रदाय कर कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाए।

### पुराना पारा देवरी द में 22 को निकलेगी शोभायात्रा

**बालोद/निकुम।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा लोकार्पण के पावन पर्व पर समस्त ग्रामवासी पुराना पारा देवरी द के तत्वाधान में 22 जनवरी को पूरे गांव में रामनाम संकीर्तन, जय श्रीराम के जयघोष के साथ श्रीराम अक्षत कलश शोभा यात्रा दोपहर 3 बजे निकाजी जाएगी। 24 जनवरी को छत्तीसगढ़ की प्रसिद्व रामायण मंडली के कथा वाचक टीकम शरण महराज की संगीतमय रामकथा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी आयोजक समिति प्रमुख पूर्व सरपंच देवरी द गविन्द्रनाथ साहू ने दी।

### माहूद बी में मड़ई मेला व छग नाचा होगा 11 को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम माहूद बी मंडाई मेला 11 जनवरी को रखा गया है। जिसमें गांव वालों के मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय भव्य मानस गान सम्मेलन का आयोजन 12, 13, 14 जनवरी को रामायण सियाराम मानस मंच एवं समस्त ग्रामवासी की ओर से होगा। जिसमें 15 मंडली भाग लेगी, आयोजक समिति के सदस्य गैंदलाल ठाकुर, एनु राम साहू, बसंत करियाम, रोहित नेताम ने जानकारी दी।

### बरबसपुर में लगाया जाएगा मड़ई मेला कल

**बालोद/सिकोसा।** 10 जनवरी को ग्राम बरबसपुर में, 11 जनवरी को ग्राम माहुद में, 12 जनवरी को ग्राम भाटा गांव बी में, 14 जनवरी को ग्राम मोगरी में मड़ाई मेला का आयोजन होगा। यह जानकारी संतोष शर्मा ने दी।

### चेम्बर ऑफ कामर्स महिला विंग के मेले में उमड़ी भीड़

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला महिला विंग द्वारा रविवार को मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर फरिश्ता काम्पलेक्स के पास स्थित सिटी माल सेन्टर में आयोजित भारतीय स्वदेशी उत्पादों के मेले में लोगों की भीड़ उमड़ी। मेला में दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, रायपुर के अलावा अन्य जिलों की आत्मनिर्भर महिलाओं द्वारा 35 स्टॉल लगाए गए थे। स्टॉलों में धान व सुतली से निर्मित ज्वेलरी, हर्बल हेयर ऑयल, साबुन, परफ्यूम, कपड़े, तिल-गुड़ के लड्डू के अलावा अन्य स्वनिर्मित उत्पाद आकर्षण का केन्द्र रहे। वहीं छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा-चिला, गुपचुप का लोगों ने मेला में जमकर आनंद उठाया।

## अपराध : तंत्र- मंत्र और सम्मोहन विधि का सहारा लेकर लोगों को ठगता था

# लाखों की ठगी करने वाला घर में गिरफ्तार जेवरात सहित 4 लाख नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तंत्र- मंत्र और सम्मोहन विधि का सहारा लेकर लोगों को अर्धचेतनावस्था में लाकर उनसे लाखों की ठगी करने वाले व्यक्ति को आखिरकार बालोद पुलिस की टीम ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी के विरुद्ध बालोद थाने में ठगी और चोरी के 4 प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी किसी भी व्यक्ति को रिश्तेदार होना एवं झाड़फूंक कर घर बंधन का काम करना बताकर उसे अपने वश में करके ठगी और चोरी की घटना को अंजाम देता था। आरोपी के कब्जे से सोने, चांदी के विभिन्न आभूषणों, मोटरसाइकिल के साथ नकदी रकम 4,01,060 रुपए जब्त किया गया है। आरोपी ठगी की घटना को अंजाम देने अक्सर महिलाओं को ही निशाना बनाता था और उन्हें भ्रमित कर इस तरह की घटना को अंजाम देता था।

- बालोद थाने में आरोपी के खिलाफ चार प्रकरण दर्ज

कोतवाली पुलिस ने सोमवार को आरोपी नारायणदास बंजारे को उनके घर दानिटोला धमतरी से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में झाड़फूंक के नाम से हो रही ठगी एवं चोरी को देखते हुए जिलेभर में जितने भी तंत्र मंत्र कर ठगे गये प्रकरण का अवलोकन कर प्रार्थियों से संपर्क कर घटना के सबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आरोपी की खोजबीन करने विशेष टीम तैयार कर रवाना किया गया था। टीम के द्वारा आरोपी की पतासाजी के दौरान विभिन्न जिलों के थानों में जाकर इस प्रकार के अपराधिक रिकार्ड के आधार पर पतासाजी की गई।

पतासाजी के दौरान पूर्व में धमतरी के ग्राम दानीटोला के रहने वाला नारायण दास बंजारे उर्फ मुकरी नामक व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की घटना करने की जानकारी मिली। इसके बाद नारायण दास बंजारे उर्फ मुकरी का पता तलाश किया गया। जिसे किसी एक स्थान पर नहीं रहना तथा विभिन्न जगहो पर घूमघूम कर अपराध घटित करने की जानकारी मिलने पर आरोपी की पतातलाश कर आरोपी को पकड़ा गया।



**20 साल पुर्व से कर रहा है चोरी, 7 साल जेल में भी रहा :** पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा बताया कि विगत 18–20 साल पूर्व उसने सायकल चुराने से अपराध चालू किया था, जो विभिन्न प्रकरणों में 6–7 साल तक रायपुर, धमतरी, बालोद के जेल में रह चुका है। वहीं एक बार जेल से भी फरार हुआ था। आरोपी नारायणदास कोई काम नहीं करता, बल्कि इसी तरह से ठगी और चोरी की घटना को अंजाम देकर अपना और परिवार चलाता था। आरोपी ठगी के समय अक्सर घरों में जाकर महिलाओं को दूर का रिश्तेदार बताकर पानी मांगना व अपनी बातों में लेकर भूत प्रेत के बारे में बताकर अपने झांसे में लेकर ठगी करता था। ऐसी ही ठगी थाना बालोद क्षेत्र के ग्राम करकाभाट, नेवारीखुर्द, थाना गुण्डरदेही व रनचिरई क्षेत्र में भी पूर्व में किया गया है।

### भतीजे की किडनी खराब, उसके इलाज के लिए करता था चोरी

आरोपी नारायणदास ने बताया कि भतीजे की दोनों किडनी खराब है। उसके इलाज के लिए मजबूरी में इस तरह के घटना को अंजाम देता था। जानकारी के अनुसार आरोपी की शादी नहीं हुई है, उनके परिवार में तीन भतीजे और उनकी पत्नियां भी साथ रहती है, लेकिन कोई भी काम नहीं करते, सभी आरोपी नारायणदास के द्वारा की गई ठगी और चोरी के पैसे से ही जीवनयापन करते थे।

### पुलिस ने की अपील

बालोद पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि अनजान व्यक्ति अगर आपके घर में आकर जबरन का रिश्तेदार होना बताता है तो सबसे पहले अपने रिश्तेदारों से संपर्क करें नही तो आप भी ठगी का शिकार हो सकते हैं। ऐसे व्यक्ति के बारे में सूचना प्राप्त होने पर थाना बालोद पुलिस या नजदीक पुलिस को सूचना दें।

# रवि योग में मनाई जाएगी मकर संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सूर्य का 14 जनवरी की रात धुन से मकर राशि में प्रवेश किए जाने के कारण ग्रह दशा परिवर्तन हो रहा है। ऐसे में हर साल 14 जनवरी को मनाए जाने वाले मकर संक्रांति इस बार दूसरे दिन 15 जनवरी को मनाया जा सकता है। मकर संक्रांति पर्व को लेकर बाजार इन दोनों सजने लगा है।

- आगामी 15 को मकर संक्रांति, 16 को खरमास समाप्त

सूर्य की आराधना का पर्व मकर संक्रांति सामान्य रूप से जनवरी माह की 14 तारीख को मनाया जाता है। लेकिन इस बार मकर संक्रांति का यह त्योहार 15 जनवरी के दिन मनाया जाएगा। दरअसल, सूर्यनारायण 14 जनवरी की रात 3.44 बजे धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्यास्त के बाद राशि परिवर्तन करने से मकर संक्राति का पुण्यकाल 15 जनवरी को रहेगा। इसलिए इस बार मकर संक्रांति का पर्व रवि योग में मनाया जाएगा। पंडितो के अनुसार मकर संक्रांति का पुण्यकाल 15 जनवरी को पूरे दिन रहेगा। ऐसे में त्योहार इसी दिन मनाया जाएगा। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर तीर्थ स्थानों पर स्नान, दान, जप और धार्मिक अनुष्ठानों को करने का विशेष महत्व होता है। यदि किसी कारण कोई इस दिन तीर्थ स्थल नहीं जा सकता है, तो वह अपने घर पर ही सूर्योदय से पहले उठाकर स्नान (पानी में तिल मिला लें) कर सकता है।



### 16 से शुरू हो जाएंगे मंगल कार्य

इस बार मकर संक्रांति पौष माह के शक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 15 जनवरी को रवि योग और शतभिषा नक्षत्र में मनाई जाएगी। ज्योतिषियों ने बताया, रवि योग सूर्योदय के साथ सुबह 7:50 बजे से शुरू होकर दिनभर रहेगा। इस योग में दान करना बेहद शुभ माना गया है। बीते 16 दिसंबर से शुरू हुआ खरमास जो मकर संक्राति के दिन समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही एक बार फिर से मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत, नामकरण, गृह प्रवेश, गृह निर्माण, नए व्यापार का आरंभ, वधू प्रवेश, सगाई, विवाह शुरू हो जाएंगे।

### तीन कैडेट्स का गणतंत्र दिवस 2024 हेतु चयन

**दुर्ग।** इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर के एनसीसी नेवल यूनिट के 3 कैडेट्स का चयन नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस 2024 हेतु चयन हुआ है। यह केम्प 1 से 30 जनवरी तक आरडीसी कैम्प का आयोजित किया जाता है। प्राचार्य डॉ श्रीमती अलका मेश्राम तथा एनसीसी अधिकारी महेश कुमार अलेंद्र के संयुक्त ने बताया कि कालेज के 1 सीजी नेवल यूनिट रायपुर के कैडेट सचिन उपाध्याय का चयन गार्ड ऑफ ऑनर हेतु कैडेट अविनाश तिवारी और कैडेट धनराज नायडू का चयन पीएम रैली हेतु किया गया है।

## एक रोटी कम खाओ बच्चों को पढ़ाओ कार्यक्रम में दिया गया कापी और कलम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउण्डेशन के दिशा निर्देश पर जामा मस्जिद परिसर बालोद में एक रोटी कम खाओ बच्चों को पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीबन 150 बच्चों को कापी और कलम का लंगर के तहत पेन वितरित किया गया।

- ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के मार्गदर्शन में आयोजन

दुर्ग संभाग अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद, जिला अध्यक्ष अजहर कुरैशी, जिला सचिव रहीम मोहम्मद, इस्माइल खान, बशीर खान, फाउण्डेशन के प्रदेश प्रतिनिधि आदिल हामिद सिद्दीकी, सदर शाहिद अहमद खान, नायब सदर सईद तिगाला, पूर्व सदर हाजी सलीम तिगाला, पेश इमाम सकील रजा, मौलाना मुस्ताक पटेल, मोअज्जन मुस्ताक अहमद, इजहार अहमद, शाहिद खान, निसार खान, फुरकान खान, अफरोज अहमद, शारिक बेग विशेष रूप से उपस्थित हुए।

**बच्चों में पढ़ाई का जज्बा जगाने :** इंतेजामिया कमेटी के सदर शाहिद अहमद ने कहा कि ऐसे प्रोग्राम बच्चों में इल्म का जज्बा जगाते हैं। उन्होंने फाउण्डेशन के इस काम की सराहना की और सभी सदस्यों को मुबारकबाद दी।

## जिले के कई ग्रामों में आज लगेंगे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत 9 जनवरी 2024 को बालोद विकासखण्ड के ग्राम लोंडी में 10 बजे, पोंडी में दोपहर 1 बजे तथा बोड़की में दोपहर 3 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भीमकन्हार तथा अछोली में सुबह 10 बजे एवं हथौद और आसरा में दोपहर 2 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सनौद में 10 बजे, ग्राम ईरागुड़ा में दोपहर 1 बजे तथा ग्राम चारभंठा में दोपहर 3 बजे बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत गुरूर के खर्रा में 10 बजे, ग्राम उसरवारा में दोपहर 12.30 बजे एवं ग्राम आनंदपुर में दोपहर 3 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम बोरगांव में 10 बजे एवं चिखली में दोपहर 2 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### आज से तीन दिन विद्युत आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड बालोद के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बालोद वितरण केंद्र के अंतर्गत विद्युत पोल एवं ट्रांसफॉर्मर शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बालोद से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. टाउन फीडर की विद्युत आपूर्ति 9 एवं 10 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी। इसके अंतर्गत दल्लीचौक से स्टेडियम के आसपास के क्षेत्रें में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी प्रकार 11 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक 11 के.व्ही. टाउन फीडर जिसके अंतर्गत जिला अस्पताल से नया बस स्टैण्ड तथा 11 के.व्ही. टाउन झलमला फीडर जिसके अंतर्गत जिला अस्पताल से सुमीत बाजार के आसपास क्षेत्रें में विद्युत आपूति बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत लाइन के नीचे धान एवं फसल पैरावट न रखें एवं विद्युत आपूर्ति आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

## गर्ल्स कॉलेज में निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का विषेष संक्षिप्त पुनरीक्षण षिविर का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी प्राध्यापक डॉ. व्ही.के. वासनिक ने बताया कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 01 जनवरी 2024 अर्हता तिथि के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाली छात्राओं को निर्वाचक नामावली में नाम जुड़वाने हेतु षिविर का आयोजन किया गया है। यह षिविर 22 जनवरी 2024 तक महाविद्यालय में आयोजित किया जायेगा तथा ऐसी छात्रायें जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है उन्हें भी मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु प्रेरित किया जायेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुषीलचन्द्र तिवारी ने कहा कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामालियों का विषेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के संदर्भ में आयोजित षिविर के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के गोदग्राम कोलिहापुरी, जिला-दुर्ग में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले गांव के नागरिकों को भी मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

## पेज 9 के शेष

### देवलाल ने की मुख्यमंत्री से ...

की मांग की। श्री ठाकुर ने कहा कि डौंडी विकासखण्ड भ्रष्टाचार का हब बनाया गया, **DMF** फंड की राशि का बंदरबांट कर क्षेत्र में जमकर भ्रष्टाचार किया गया। इस पर मुख्यमंत्री श्री साय ने आश्वस्त किया कि भ्रष्टाचार की जांच करायी जाएगी व दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। अपूर्ण बांधो की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने कहा है। इस चर्चा के दौरान मंडल अध्यक्ष मनीष झा, जिला कार्यकारिणी सदस्य जसराम शर्मा, जिला मंत्री जयेश ठाकुर, मंडल महामंत्री संदीप भी उपस्थित थे।

### जपं शिक्षा स्थाई समिति ...

जो सभी स्वीकृत हुए। मुख्यमंत्री पेंशन के तहत सबसे ज्यादा 92 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें सभी आवेदन पात्र होने से स्वीकृत कर दिए गए। राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत 10 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें सभी पात्र मिले। कुल मिलाकर बैठक के लिए 7 विभिन्न योजनाओं में 145 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें पूरे आवेदन पर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में अध्यक्ष शिक्षा स्थाई समिति तोशण लाल साहू, सदस्य राज श्री यादेश्वर, लक्ष्मी विजय साहू, डिवेश्वरी केशव बंधु, एस .कुमार कलिहारी व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### कलेक्टर कुलदीप शर्मा ....

के साथ मिनी गोवा की तरह महसूस कर सकेंगे। इससे तांदुला जलाशय देखने आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, जिससे ग्राम सिवनी, झलमला सहित बालोद शहर में भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे व क्षेत्रवासियों की आर्थिक उन्नति का माध्यम बनेगा यह रिसार्ट।

### रिसार्ट के लिए 2.50 ...

रहा है, जिससे संग्रहण केन्द्रों तक धान परिवहन खर्च, संग्रहण केन्द्रो में सूखा एवं प्राकृतिक आपदा मे होने वाला खर्च शून्य हो गया है। पहली बार जिले में ऐसी व्यवस्था की गई जिससे शासन को कम से कम 30 करोड़ की हानि की बचत हुई है।

## धीवर समाज का एक दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन

# धीवर समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा हाई स्कूल ग्राउंड धमधा में धीवर समाज द्वारा आयोजित एक दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक ईश्वर साहू और पूर्व विधायक लाभचंद बाफना भी सम्मिलित हुए।

- हाईस्कूल ग्राउंड धमधा में हुआ कार्यक्रम

विधायक ईश्वर साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी का अभिवादन किया। उन्होंने विधायक पद तक पहुंचाने के लिए क्षेत्र की जनता का आभार माना। विधायक श्री साहू ने लोगों को सभी समाज का आदर करने और क्षेत्र में सामाजिक सद्भावना बनाये रखने का आह्वान किया। छत्तीसगढ़ धीवर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर ने समाज के रीति-रिवाजों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के विभिन्न मांगों की ओर उपमुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक लाभचंद बाफना और समाज के संरक्षक रामकिशन धीवर, राधेश्याम चन्द्रवंशी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर समाज के अन्य पदाधिकारी और धीवर समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### समाज की आवश्यकताओं को करेंगे पूराः श्री शर्मा

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने न्याय को जीत दिलाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में मछुवा सहकारी समितियों को प्राथमिकता दी गई थी। सरकार समाज को प्राथमिकता देगी। समाज को आगे बढ़ाने मछुवा बोर्ड को बढ़ावा दी जाएगी। रायपुर में समाज के भवन के लिए राशि की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने समाज की हर आवश्यकताओं को पूरा करने का भरोसा दिलाया। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

## भारतीय सेना में अग्निवीर की होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतीय सेना में अग्निवीर की भर्ती की अधिसूचना फरवरी 2024 के मध्य जारी होने की आशा है। भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश सेवा का सपना देख रहे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए ऑनलाईन आवेदन भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर ने इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे अपना यूजर आईडी प्रोफाईल और पासवर्ड भारतीय सेना की साईट पर बनाकर तैयार रखें ताकि ऑनलाईन पंजीकरण के समय अपना पंजीकरण करने में ज्यादा समय ना लगे। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे के अनुसार किसी भी स्पटीकरण एवं सहायता के मामले में उम्मीदवार शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय किकेट स्टेडियम नया रायपुर के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में संपर्क कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### चुल्हापथरा गौशाला में पशुओं को लगा खुरा चपका से बचने टीका

**गुरूर।** पशु चिकित्सालय गुरुर द्वारा ग्राम चुल्हापथरा स्थित गौशाला में शिविर लगाकर सभी पशुओं को खुरा चपका का टीकाकरण किया गया। जिसमे स्वास्थ्यवर्धक दवाई, कृमिनाशक दवाई पिलाई गई। जिसमें डॉ. वीके विश्वकर्मा, ड्रेसर नारायण निषाद, केएल गंजीर, कांति साहू, गौकरण साहू, भागवत साहू, शिवेन्द्र कुंजाम उपस्थित थे।

### 4 मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 4-4 लाख

**बालोद।** संयुक्त कलेक्टर ने आदेश जारी कर राजस्व पुस्तक परिपत्र (आर.बी.सी.) 6–4 के तहत जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण 4 मृत व्यक्ति के परिवार निकटतम वारिस को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 4–4 लाख रुपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। संयुक्त कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि वे स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को करें। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में मृतक केतन साहू के पुत्र कुंदन लाल साहू ग्राम परसुली तहसील गुरूर, मृतक विष्णु जांगड़े की पत्नी रतनी बाई ग्राम ईरागुड़ा तहसील गुण्डरदेही, मृतक गुलेश्वरी साहू के पति जितेंद्र कुमार ग्राम कजराबांधा तहसील गुण्डरदेही एवं मृतक कुमारू राम के पिता रोमेश कुमार ग्राम कुरदी तहसील अर्जुंदा को 04–04 लाख रुपए स्वीकत किया गया है।

### संविदा भर्ती के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

**बालोद।** जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती हेतु पात्र–अपात्र सूची जारी कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोद ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा पदों की भर्ती हेतु स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन 20 सितम्बर 2023 तक निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पुराना जिला अस्पताल परिसर में आमंत्रित की गई थी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपनी दावा आपत्ति 23 जनवरी तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उक्त कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उक्त संबंध में अधिक जानकारी जिले के वेबसाइट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन पर अवलोकन कर सकते हैं।

## निधन

### कथा गोस्वामी



**गुरूर।** ग्राम मोखा निवासी कथा गोस्वामी 95 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे डुमनपुरी गोस्वामी, तोरणपुरी, खेमनपुरी, सुशीला, भूनेश्वरी की माता थी।

### भागवत कथा : कलिकाल में राम नाम का ही सहारा है

# रावण हमारा मन है, इसे मारना जरूरी, तभी रामराज्य जीवन में होगा स्थापित होगा: निरंजन महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

कथा जीवन की व्यथा को मिटाने की संजीवनी है। इसका श्रवण जीवन को सत्य पथ में आरुढ़ करने के लिए आवश्यक है। विजयादशमी में रावण का पुतला जला देने मात्र से रामराज्य की कल्पना साकार नहीं हो सकती। अपने मन रूपी रावण पर विजय प्राप्त करने से ही सही अर्थ में विजयादशमी का पर्व जीवन में उपस्थित होगा।

■ मोहंदीपाट बाबा धाम में किया जा रहा आयोजन

उक्त संदेश ग्राम मोहदींपाट बाबा धाम के देवांगन परिवार के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में राम चरित्र, श्री कृष्ण जन्म, बाल लीला माखनचोरी लीला की आध्यात्मिक विवेचन करते हुए प्रवचनकर्ता संत निरंजन श्री भागवत आश्रम लिमतरा ने कही। संतश्री ने आगे कहा कि कलिकाल में राम का नाम ही सहारा है, संसार सागर से मुक्ति प्राप्ति के लिए। कलिकाल में भ्रूण हत्या रूपी महापाप करने और करवाने वाले दोनों को कंस की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि कंस देवकी के 6 पुत्रों के वध जन्मोपरांत किया। लेकिन आज के कंस रूपी दानव गर्भ में ही बच्चों को मार रहे हैं। इसका मुख्य कारण समाज में व्यापित कुरुति बेटा और बेटी में अंतर करना है। आज लोगों की मानसिकता बनी हुई है कि बेटा वंश को चलाता है। नाम रोशन करता है लेकिन ये लोगों के अंदर की अज्ञानता है क्योंकि बेटा केवल एक ही वंश के नाम को रोशन करता है। बेटियां तो दो दो कुल को सम्मान दिलाती है। बेटियों के कंधे पर दो कुलों के सम्मान की रक्षा का भार होता है इसलिए समाज मे फैली इस कुरीति को मिटाना है। बेटियों को भी बेटों के जितना समान अधिकार देकर इस भ्रूण हत्या के महापाप को रोकना है। इसके लिए सभी को एक होकर आगे आना होगा तभी ये पाप भारत की धरा पर मिट सकता है। आगे संत श्री ने कहा कि भगवान की बाल लीला मन को मोहित करने वाली है। हर लीला के पीछे मानव जीवन के लिए सुंदर संदेश दिए हैं। सूने घर मे माखन चोरी करने का अर्थ है कि मानव जीवन में काम क्रोध लोभ मद मिह मत्सर रूपी दुर्गुणों से रिक्त स्थान पर ही भगवान का वास होता है। सद्गुण में परमात्मा का वास दुर्गुण में नहीं। मन रूपी माखन का भोग लगाएं प्रभु को प्रभु प्रेम पूर्वक उसे ग्रहण करते है। यह जानकारी लखन लाल देवांगन और सरपंच सुशीला देवांगन ने दी। इस दौरान जयंत्री देवी देवांगन, गीता देवी देवांगन ,सुरेश-पुष्पा देवांगन, शशीकांत-वंदना देवांगन ,नरेश-दिव्या देवांगन , नूनकरण देवांगन, टीकम देवांगन, कल्पना दीपक देवांगन, इन्द्राणी रानी नारायण देवांगन सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण जन इस भागवत कथा में उपस्थित थे।







### आज वृंदावन लीला, मथुरा गमन कंस वध, श्री रुखमणी मंगल कथा

संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन आज दिनांक 09.01.2024, दिन-मंगलवार वृन्दावन लीला मथुरागमन कंसवध, श्री रुखमणी मंगल कथा होगी। 10 जनवरी को श्री सुदामा चरित्र द्वारिका तीला भाव, यदुवंश छ्य परीक्षित मोक्ष पश्चात भगवान श्री विग्रह में तुलसी दल अर्पण, चढ़ौत्री कार्यक्रम होगा। 11 जनवरी को श्री गीतासार प्रवचन हवनपूर्णाहुति कपिलातर्पण, सहस्त्रधारा होगी।

## अक्षतकलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल





**अंडा।** श्रीविष्णु धाम मंदिर ओटेबंद से अक्षत कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुगण और ग्रामीण शामिल हुए तथा इस दौरान जयश्रीराम के जयकारे लगते रहे। अयोध्या श्रीराम मंदिर में पूजित अक्षत कलश का श्रद्धालु मांदर, झांझ, मंजीरा, ढोलक बजाते हुए भजन के साथ जयश्रीराम के जयकारे लगाते संकीर्तन में शामिल होकर यात्रा में शामिल हुए। पूरे गांव में भ्रमण के बाद मंदिर में यात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शंखनाद के साथ साथ ढोल की धुन पर श्रद्धालु नाचते गाते मुख्य मार्ग निकले। जगह-जगह स्वागत एवं आतिशबाजी की गई। इस दौरान जगह-जगह कलशयात्रा की आरती उतारी गई। इसके साथ अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी में जुट जाने के लिए आह्वान किया गया। मुख्य मार्ग में भगवा वस्त्र धारण किए श्रद्धालुओं ने अक्षत कलश की आरती उतारी। मंदिर पहुंचने के बाद अक्षत कलश की विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद

## शिवमहापुराण कथा से पूर्व निकाली गई कलशयात्रा





**गुरूर।** महिला भागवत समिति एवं समस्त नगरवासी के सहयोग से शिव महापुराण का आयोजन किया गया है।

आयोजन के एक दिन पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर के प्राचीनतम देऊर मंदिर से शुरू हुईं। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां एकत्रित होकर आचार्य सुरेश पांडेय के आगुवानी में बाजे गाजे के साथ नगर का भ्रमण कर लोगों को कथा स्थल पर आने का संदेश देते हुए प्रमुख मार्ग से कथा स्थल बाजार चौक पहुंची। शिव महापुराण कथा 11 जनवरी तक आयोजित है। कथावाचक ज्ञानेश्वर प्रसाद पांडेय महाराज के द्वारा कथा समय दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक संपन्न हो रहा है। जिसमें प्रथम दिन बेदी पूजा, पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया गया। इस अवसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद रहे।

## गीता प्रवचन के साथ श्रीमद् भागवत कथा की पूर्वाहुति, कन्या भोज भी हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का सोमवार को गीता प्रवचन, हवन पूर्णाहुति व नौ कन्या भोज के साथ समापन हुआ।

भागवत कथा में कथा व्यास पंडित बल्ला प्रसाद शर्मा द्वारा चार वेद पुराण गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या का भक्तों ने श्रवण किया। विगत नौ दिनों तक भगवान श्री कृष्ण के वात्सल्य प्रेम असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार अनाचार कटुता व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा में बैठना श्री कृष्ण का सानिध्य है। हमें प्रकृति से सब कुछ मिला है, इसलिए हमें सब कुछ प्रकृति को लौटाने में संकोच नहीं करना चाहिए। कथा की अंतिम दिन होने के चलते पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जहां सुबह 10 बजे से गीता प्रवचन के पश्चात दोपहर 2 से 5 तक हवन पूर्णाहुती कराकर नौ कन्या भोज करा कर प्रसाद वितरण किया गया।

■ ग्राम ठेकवाडीह में चला नौ दिनों तक आयोजन





**ग्रामीणों के लिए रहा भंडारा :** 9 दिनों तक चले श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का व्यवस्था की गई। वहीं ईश्वर साहू व परिवार की ओर से खीर पुरी एवं भंडारा का व्यवस्था की गई थी। भागवत कथा में ईश्वर साहू, गंगा साहू, बृजराज साहू, लता साहू, डोमार साहू, शकुन साहू, सुनील दीवान, भारती दीवान, भीषम साहू, देवेंद्र साहू, तारिणी भावना, केकती व परिवार सहित समस्त ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग रहा है।

## कलयुग में सिर्फ राम से होगा जीवन का कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम पंचायत तुरमुडा में दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि अनिल लोढ़ा ने अपने उद्बोधन में कहा रामायण दुनिया की सर्वोत्कृष्ट राम की महागाथा है, जिसमें रामायण की उद्देश्यों को व्यक्त करते हुए कहा धर्म के बिना परमात्मा को प्राप्त करना बहुत ही कठिन काम है। रामायण में निश्चित ही श्रीराम के आदर्शों का पालन करते हुए गृहस्थ आश्रम में भी परमात्मा की प्राप्ति हो सकती है।

■ ग्राम पंचायत तुरमुडा में दो दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का समापन




कलयुग में सिर्फ राम के नाम से ही जीवन का कल्याण हो सकता है, गृहस्थ जीवन में समय निकालकर भगवान का भजन कर ही लेना चाहिए, ताकि आत्मा का कल्याण हो सके और साथ ही समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनने का अवसर मिले। धर्मविहीन समाज की गति पशु के समान है आयोजन कर्ताओं से आग्रह भी किये कि प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम करवाते रहें, गांव में धार्मिकता बनी रहे।

इस अवसर पर मंच को जोन प्रभारी झूमुक परसाई ने भी संबोधित किया, साथ ही विशेष अतिथि पुरुषोत्तम भूआर्य ने भी संबोधित किया, इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, मीडिया प्रभारी गुलाब जैन, उत्तम ठाकुर, सरपंच अनुसूइया भूआर्य, लघुनोपज के अध्यक्ष कुशल मंडावी, राजीव युवा मितान के अध्यक्ष शैलेंद्र गायकवाड,देव कुमार राना, शांति बाई जमते भी उपस्थित रहीं।

## नेहरु स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव



**बालोद/सिकोसा।** नेहरु उच्च माध्यमिक विद्यालय भाठागांव (बी.) में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच भाटागांव बी. संध्या साहू के द्वारा किया गया, जिसमें अध्यक्षता हीरालाल गांधी ने किया। विशेष अतिथि डोमन लाल देशमुख, सरपंच ग्राम पंचायत माहुद (बी.) नारायण दास साहू, सरपंच ग्राम पंचायत बिरेतरा योगेश कुमार देशमुख, रिकेश साहू, दोषण लाल साहू, धनेश्वर प्रसाद साहू, जेएल देशमख उपस्थित थे।

SONALIKA
LEADING AGRI EVOLUTION
AGRO SOLUTIONS
CHALLENGER HEAVY DUTY
ROTARY TILLER
■ Challenger rotary tiller offers best in class pulverization and hence optimum seed germination.
■ Best in class pulverization & hence optimum Seed germination.
■ Ensures excellent cutting and mixing of crop residue.


Authorised Dealer
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : ... मो. 9406004581
बिलासपुर : ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### परगनिहा विधायक प्रतिनिधि मनोनीत

**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने सेक्टर-2 निवासी राजेंद्र परगनिहा को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। विधायक यादव ने कलेक्टर व भिलाई निगम आयुक्त को पत्र जारी करते हुए बताया कि परगनिहा जिला प्रशासन के बैठक में विधायक की अनुपस्थिति में शामिल होंगे। परगनिहा बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। वे बीएसपी कर्मचारियों और श्रमिकों के हित को लगातार प्रबंधन के समक्ष उठाते रहते हैं निराकरण की दिशा उनके प्रयास सफल भी हुए हैं।

### करबला कमेटी की पहल पर बसा एक घर



**भिलाई।** मोहर्रम करबला कमेटी की पहल से शुक्रवार को एक जोड़े का घर बस गया। जुमे की नमाज के बाद दोपहर 2 बजे कमेटी की पहल पर इस जोड़े का निकाह हुआ। इस जोड़े में लड़का पक्ष घासीदास नगर भिलाई और लड़की पक्ष रायपुर से है। कमेटी ने निकाह के मौके पर घरेलु जरूरत का सामान बतौर तोहफा दिया। कमेटी ने इस निकाह में शामिल होने वालों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर सरपरस्त मंसूर इमदादी वाला रायपुर, ताहिर, वीरेन्द्र सतपथी और अराकीन के लोग शामिल थे।

### मनिंदर को मिली पीएचडी

**भिलाई।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के ग्राफिक्स विभाग से मनिंदर सिंह धुन्ना ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।



डॉ. रबि नारायण गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, ग्राफिक्स विभाग के निर्देशन में मनिंदर सिंह धुन्ना ने 'पारंपरिक प्रिंटमेकिंग पर डिजिटल तकनीकों का प्रभाव' विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। इनके बाह्य परीक्षक प्रो. पराग रॉय,प्राध्यापक, रवींद्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता ने इस शोध कार्य की प्रशंसा की।

### सोसायटी का ताला टूटा नकदी व सामान पार

**भिलाई।** सोसायटी का ताला तोड़कर नगदी और सामान पार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। घटना सेक्टर 5 का है। पुलिस ने धारा 457,380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि क्वार्टर 4 डी सड़क एवेन्यू ई सेक्टर-6 निवासी प्रवीण कुमार पटेल देव संस्कार साख सहकारी समिति मर्यादित सेक्टर-5 में शाखा प्रबंधक के पद पर है। उक्त शाखा सेक्टर-5 सड़क-32 क्वार्टर नंबर 01 बी में संचालित है। पीड़ति 4 जनवरी को शाखा बंद कर घर चला गया था। सुबह शाखा पहुचने पर देखा तो बाहर का ताला टूटा था। आलमारी के लॉकर से चोर ने 20 हजार रुपए नगद,एक जोड़ी चांदी का पायल,कुछ पीतल के बर्तन समेत अन्य सामान पार हो गया था।

# ठेठवार यादव समाज के वार्षिक अधिवेशन में होगा नि:शुल्क आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ठेठवार यादव समाज बालोद राज की कार्यकारणी की बैठक ठेठवार भवन गंजपारा बालोद में रखी गई।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना से हुई। कोषाध्यक्ष चेतन यादव ने आय व्यय की जानकारी प्रस्तुत किया। बालोद राज संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा, पूर्व वर्षों की भांति ठेठवार समाज के वार्षिक अधिवेशन में निःशुल्क आदर्श विवाह संपन्न कराया जाएगा। आदर्श विवाह हेतु संबंधित पक्ष शीघ्र पंजीयन, निर्धारित शुल्क के साथ बालोद राज के महासचिव पवन यादव या कोषाध्यक्ष चेतन यादव के पास पंजीयन कराए। इस हेतु ग्राम प्रमुख तथा मंडल अध्यक्ष अपने ग्राम में बैठक लेकर सामाजिक बंधुओं को सूचना देकर प्रोत्साहित करेंगे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ठेठवार यादव समाज बालोद राज का एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 18 फरवरी रविवार को आयोजित होगा।

सभापति शिवप्रसाद यादव ने समाज के युवाओं, मातृशक्तियों, सामाजिक बंधुओं एवं समस्त पदाधिकारियों को अधिक संख्या में उपस्थित होकर वार्षिक अधिवेशन को सफल करने की अपील की। महासचिव पवन यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बलदेव यादव ने दिया।

**ठेठवार यादव समाज बालोद राज कार्यकारणी की बैठक**



**ये रहे उपस्थित**

बैठक में कृष्ण कुमार, रामस्वरूप, जयप्रकाश, रवि प्रकाश छग्गूलाल, टेकराम, बलदेव, हेमंत, अमित हरीश, रंजीत, चेतन, राजूलाल, नृपेंद्र, हूबलाल, उमेश, प्रहलाद, कैलाश, खेमलाल, शिवभजन, सीवन कुमार उपस्थित थे।

**सियासी रणनीति:** क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, प्रदेशाध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठों की मौजूदगी में निर्णय

# हारी हुई विधानसभा में भाजपा बनाएगी छाया विधायक संगठन के साथ करेंगे केंद्रीय योजनाओं का प्रचार-प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा के प्रत्याशी जिन क्षेत्रों में जहां चुनाव हार गए, वहां पार्टी के कार्यक्रमों को अपने नियंत्रण में रखने के लिए प्रदेश के भाजपा संगठन ने एक शैडो एमएलए का विचार रखा है। ऐसे क्षेत्रों में छाया विधायक के रूप में सक्रिय रहेंगे। ये निर्णय विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के हारे हुए प्रत्याशियों की बैठक में हुआ है।

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में हुई इस बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के अलावा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ बालोद जिले के तीनों विधानसभा के हारे हुए प्रत्याशी राकेश यादव, वीरेंद्र साहू, देवलाल ठाकुर के अलावाप्रेम प्रकाश पांडे, शिवरतन शर्मा, सौरभ सिंह, कृष्णमूर्ति बांधी, रंजना साहू, सरला कोसरिया, विक्रांत सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**भारतीय जनता पार्टी के हारे हुए प्रत्याशियों की बैठक में निर्णय**

### मोदी की गारंटी को घर-घर तक पहुचाएंगे छाया विधायक

बैठक में सभी प्रत्याशियों ने अपने–अपने हार की समीक्षा करते हुए उसकी वजह वरिष्ठ नेताओं को बताई। बैठक में जिन क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी को हार मिली है वहां पर भाजपा के छाया विधायकों को संगठन के साथ मिलकर मोदी सरकार के कामों और मोदी की गारंटी को घर–घर तक पहुंचाने और पार्टी को मजबूत करने को कहा गया है।

### पार्टी के आगामी सभी कार्यक्रमों में जोड़ने के निर्देश

बैठक के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि किन्ही कारणों की वजह से विशेष परिस्थितियों में 36 विधानसभा में हमारे प्रत्याशियों की हार हुई है। बैठक में छाया विधायकों को पार्टी के आगामी कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्णय लिया गया है।







### भितरघातियों पर कार्रवाई की तैयारी में पार्टी

जिन क्षेत्रें में हार हुई है वहां पर पार्टी के कार्यक्रम लगातार आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। छाया विधायकों को संगठन के कामों से जुड़ कर गतिशीलता बनाए रखने को भी कहा गया है। कुछ प्रत्याशियों ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा भीतरघात किए जाने की शिकायत की है। जिसे पार्टी ने गंभीरता से लेते हुए आने वाले दिनों में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### जीतेंगे लोकसभा चुनाव में सभी 11 सीटें

भाजपा के छाया विधायकों ने बताया कि उन्होंने अपने अपने क्षेत्रों की स्थिति से वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराया है। लोकसभा चुनाव में सभी को संगठन के साथ जोड़कर काम करने का निर्देश मिला है। छाया विधायकों ने आश्वासन दिया है कि लोकसभा के चुनाव में सभी मिलकर काम करेंगे और सभी 11 सीटें जीतेंगे।

# रासेयो के स्वयंसेवक कर रहे नशामुक्त समाज व चरित्र निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर का सात दिवसीय शिविर ग्राम पंचायत खपरी, भोथीपार में आयोजित किया जा रहा है।

पांचवें दिन बौद्धिक परिचर्चा सत्र में राष्ट्रपति व राज्यपाल, संत पवन दीवान सहित पचास उत्कृष्ट सम्मान से अलंकृत सीता राम साहू श्याम, मानसिंह सर्वा, कार्यक्रम अधिकारी गुण्डरदेही केएस कुल्हार, व्याख्याता सेजेश कचांदुर मुकेश साहू, सरपंच जनक बाई साहू, सेवानिवृत आर आई गुमान सिंह मांडवी, पूर्व उपसरपंच वैसाखू साहू, कार्यक्रम अधिकारी डा आरएन साहू, व्याख्याता टीसी मांडवी, व्याख्याता कुर्रे सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री श्याम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए नशामुक्त समाज, चरित्र निर्माण, जीवन को व्यस्त रखने जैसे अनेकों सारगर्भित उद्बोधन के साथ व्यस्त रहे मस्त रहें तभी तो स्वस्थ रहे। अपने आप को पहचानना जैसे उदाहरणों के माध्यम से शिविरार्थियों और उपस्थित जनमानस को संदेश दिया।

■ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर का रासेयो शिविर

कार्यक्रम अधिकारी कुल्हार ने भी संबोधित किया। बौद्धिक परिचर्चा में एमएस सार्वा, मुकेश साहू सहित सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ व्याख्याता एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी टीसी मांडवी ने किया। सभी अतिथि और ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों ने शिविरार्थियों द्वारा स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए अपने गांव और समाज में उतारने का संकल्प लिया।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय माघी पूर्णिमा पर आएंगे पाटेश्वर धाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ बालोद जिला स्थित श्रीजामड़ी पाटेश्वर धाम के संत बालयोगेश्वर श्रीराम बालक दास महात्यागी ने सोमवार को आश्रम के प्रतिनिधि मंडल के साथ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर आगामी 24 फरवरी को आश्रम में आयोजित माघी पूर्णिमा उत्सव के संबंध में चर्चा किया। संत रामबालक दास महात्यागी एवं प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आगामी 24 फरवरी को श्रीजामडी पाटेश्वरधाम में आयोजित माघी पूर्णिमा उत्सव में होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को माघी पूर्णिमा उत्सव के दौरान आश्रम में आयोजित माघी पूर्णिमा उत्सव पर 5100 दीप से मां कौशिल्या माता की महाआरती की जानकारी संत रामबालक दास महात्यागी के 38वें वैराग्य दिवस आयोजन के साथ-साथ 1990 को भगवान राम के जन्मभूमि अयोध्या में हुए कार-सेवा में बालोद जिले से शामिल हुए कार-सेवकों का सम्मान किये जाने की जानकारी प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा संत रामबालक दास महात्यागी तथा प्रतिनिधिमंडल को श्रीजामडी पाटेश्वर धाम में आगामी 24 फरवरी को आयोजित माघी पूर्णिमा उत्सव के दौरान आयोजित सभी कार्यक्रमो में उपस्थित रहने की सहमति प्रदान किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में देवलाल ठाकुर (प्रदेश प्रवक्ता भाजपा ), दिलीप शर्मा, जयेश ठाकुर ( जिला मंत्री भाजपा ), वरिष्ठ समाजसेवी अभय श्रीवास्तव, जिला भाजपा कार्यकारणी सदस्य जसराज शर्मा, सांसद प्रतिनिधि एवं मंडल महामंत्री संदीप जैन सहित अन्य उपस्थित रहे।

■ 24 फरवरी को मनाया जाएगा संत राम बालक दास जी महात्यागी का वैराग्य दिवस



# बासीन में मानसगान प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

श्री समुद्र मंथन नवरत्न मानस प्रचार समिति बासीन के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय त्रिदिवसीय संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री भाजपा जिला बालोद नरेश साहू थे।



अध्यक्षता महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा जिला बालोद खेमलाल देवांगन ने किया। विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मंडल गुरुर मनीष साहू, मंत्री किसान मोर्चा जिला बालोद टुकेश्वर पांडे, महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा मंडल गुरुर मितेश साहू, पुनारद राम साहू कृषक उपस्थित थे। सांसद प्रतिनिधि डॉ. गंजीर ने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। डॉ. गंजीर ने कहा की स्वयं 40 बार रक्तदान कर चुके है। हजारों लोगों को रक्तदान दिलवाने का काम करवाया है। उन्होंने युवा साथियों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि किसी की जान बचाने से बढ़ा पुण्य काम नहीं होता। अतः युवा इस काम में अपना सहयोग जरूरी करें। इस अवसर पर डीआर हिरवानी, लखनलाल बनपेला, झुम्मनलाल साहू, गजेंद्र बनपेला, तामेश्वर साबरसुटी, जितेंद्र सांहडा, पीलेश्वर सार्वा, दिनेश माथाटेकन, फलेश बनपेला, टीआर निषाद, शिवलाल गजपाल, हुमन लाल साबरसुटी, विश्वनाथ बनपेला एवं श्री समुद्र मंथन नवरत्न मानस प्रचार समिति के सदस्य एवं ग्राम के वरिष्ठजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन टीकाराम साहू एवं आभार अध्यक्ष डीआर हिरवानी ने किया।

### सोनडोंगरी में 10 को होगी मड़ई

**गुरूर।** ग्राम सोनडोंगरी में 10 जनवरी को मेला मंडई का आयोजन किया गया है, जहां ग्रामीणो के मनोरंजन के लिए रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष दुलारू राम साहू द्वारा दी गई।

### ठेकवाडीह में 12 को मड़ई

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में 12 जनवरी दिन शुक्रवार को मेला मंडई का आयोजन किया गया है। जिसमें रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक नाचा पार्टी का आयोजन किया गया।

# नीलकमल के प्रोजेक्ट को मिली सराहना

**अंडा।** भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस द्वारा बाल वैज्ञानिकों द्वारा प्रोजेक्ट बनाकर प्रदर्शन किया जाता है। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर पर शासकीय हाई स्कूल देवरी द के बाल वैज्ञानिक कक्षा 9 वीं के छात्र नीलकमल साहू एवं साथी यीशभ देवांगन द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट हरा सोना प्राकृतिक वरदान तैयार कर अजोला जलीय चारा का उत्पादन चौकोर टंकी में किया गया है। जिससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होती है एवं हरे चारे की कमी की पूर्ति होती है। इस प्रोजेक्ट को करने में जलीय चारे की सूक्ष्म जानकारी देने में पशु औषधालय की डॉक्टर सुश्री सुसन्ना कुजूर का विशेष सहयोग रहा।



### भोइनापार रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता 13 को

**लाटाबोड़।** ग्राम भोइनापार में लक्ष्मी उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में नए वर्ष के उपलक्ष्य में एक दिवसीय भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता 13 जनवरी को आयोजित की जाएगी। सामूहिक डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए , द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपए ,तृतीय पुरस्कार 3001 रुपए रखा गया है। इसी तरह युगल पुरस्कार में प्रथम 3001 रुपए, द्वितीय पुरुष्कार 2001 रुपया एवं तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए प्रदान किया जाएगा। एकल में प्रथम 1501 रुपये, द्वितीय 1001रुपये , तृतीय पुरस्कार 701 रुपये प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में विभिन्न आकर्षण पुरस्कार बेस्ट नृत्य, बेस्ट वेशभूषा, बेस्ट भाव पक्ष ,बेस्ट कॉमेडी पुरस्कार दिया जाएगा। समिति के अध्यक्ष तामेश्वर साहू ,उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ,सचिव राकेश कुमार साहू संरक्षण जीतू चंद्रवंशी, नीलकमल साहू ,कोषाध्य चोमेंद्र कुमार सहसचिव विकास साहू ,समिति के सदस्यों में यमलेश चंद्रवंशी ,शीतल, डिकेश्वर जगत ,अविनाश कामेन्द्र, प्रीत कुमार, दानेश्वर, भावेश कुमार, खिलावन साहू, लालचंद, यश कुमार, दक्ष कुमार, मानस कंवर यादराम जितेश लुमेश गीतेश सहित सदस्य कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए है।

# विधायक संगीता रामायण सम्मेलन में हुईं शामिल



**गुरूर।** विधायक संगीता सिन्हा ग्राम भिराई में आयोजित रामायण सम्मेलन में बने प्रभु श्रीराम के दरबार पहुंची। जहां रामायण का आयोजन किया गया। रामायण मंच में पहुंचकर संगीता सिन्हा ने भिरई की जनता का आभार माना कि उन्हें इस पावन धर्म आयोजन में आमंत्रित किया गया, साथ ही क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए भगवान श्रीराम से प्रार्थना भी की। संगीता सिन्हा के साथ में ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, टोमन साहू, केदार देवांगन, भिराई से घनश्याम साहू, बूथो के अध्यक्ष, कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।







